आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 23.03.2020

कोरोना वायरस (कोविड–19) के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) प्रशासन ने कोरोना वायरस से बचाव हेतु फैक्ट्री को 3 दिनों के लिए बंद करने के निर्देश दिये हैं। दिनांक 23.03.2020 से 25.03.2020 तक उत्पादन संबंधी कोई भी गतिविधि नही की जायेगी। दिनांक 25.03.2020 के बाद वस्तुस्थिति एवं अग्रिम सरकारी आदेश के आकलन के पश्चात् यह अवधि बढ़ाई जा सकती है।

कारखाने के बंद रहने के दौरान आवश्यक सुविधाओं और जरुरतों को जारी रखने हेतु सिविल, विद्युत, दूरसंचार, अग्निशमन सेवा एवं सुरक्षा विभागों द्वारा स्पेशल रोस्टर बनाकर कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है ताकि आवासीय परिसर में रहने वाले कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को कम से कम कठिनाई का सामना करना पड़े।

आरेडिका आवसीय परिसर में स्थित शॉपिंग काम्प्लेक्स मे मूलभूत सुविधाएं जैसे राशन सामग्री, दुग्ध उत्पाद, फल सब्जी आदि कि दुकाने खोलने कि इजाजत रहेगी। अन्य सभी दुकाने बंद रहेगी।

आरेडिका अस्पताल के कैजुएल्टी विंग में 24X7 इमरजेंसी कंट्रोल का संचालन किया जा रहा है। कोरोना वायरस से निपटने के लिए संभव इंतज़ाम किये गए है। साथ ही आरेडिका प्रशासन ने विज्ञप्ति जारी कर सभी कर्मचारियों को सजग एवं सचेत रहते हुए सरकारी आदेशों का निष्ठा से पालन करने के लिए सूचित किया है।

संक्रमण की संभावना को कम करने के लिए सभी समूह गतिविधियों तथा पॉच से अधिक संख्या में एकत्रित होने को निषेध किया गया है। आवश्यक सेवाओं के अलावा सभी कर्मचारियों को घर में रहने की हिदायत दी गई है। इस दौरान किसी भी कर्मचारी को मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नही रहेगी। साथ ही जो व्यक्ति आदेश जारी होने के पूर्व मुख्यालय से बाहर थे, उन्हें अग्रिम आदेश तक यथास्थान पर ही रहने को आदेश दिया गया है।

अमित 23.03.2020

(अमित कुमार सिंह)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी